सं.1/38/2010-निफ्ट
भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय

उद्योग भवन, नई दिल्ली,
दिनांक 20 जून, 2011

सेवा में,

सभी राज्यों के मुख्य सचिव/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासक

विषय : राष्ट्रीय फैशन टैक्नोलाजी संस्थान (निफ्ट), नई दिल्ली में महानिदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना ।

महोदय/महोदया,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वस्त्र मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय राष्ट्रीय फैशन टैक्नोलाजी संस्थान (निफ्ट), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के आधार पर पे-बैंड – 4 {37,400 रु.- 67,000 रु. +10,000 रु. (ग्रेड-पे)} में महानिदेशक के पद को तुरंत भरा जाना है। प्रतिनियुक्ति की अवधि तीन वर्ष रहेगी।

2. वस्त्र, परिधान, जीवन शैली उत्पादों एवं अन्य फैशन सामग्री में भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने में सक्रिय विश्व बाजार की चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावसायियों को तैयार करने एवं प्रशिक्षित करने के लिए निफ्ट डिजाइन, प्रबंधन एवं प्रौयोगिकी में एक राष्ट्रीय स्तर का संस्थान है । वर्तमान में निफ्ट के नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चैन्नई, हैदराबाद, कन्नूर, पटना, कांगड़ा, गांधी नगर, बैंगलूरु, भोपाल, शिलांग, रायबरेली, जोधपुर एवं भुवनेश्वर में स्थित कुल 15 केंद्र हैं।

3. महानिदेशक संस्थान का प्रमुख कार्यकारी अधिकारी है एवं संस्थान के समुचित प्रबंधन तथा अनुदेश देने एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है ।

4. अखिल भारतीय सेवाओं एवं अन्य समूह 'क' संगठित केन्द्रीय सेवाओं के अधिकारी, जो भारत सरकार में संयुक्त सचिव पद पर हैं अथवा भारत सरकार के संयुक्त सचिव के रुप में नियुक्ति के लिए नामिंकागत हैं और अधिमानतः मानव संसाधन अथवा वित्त में मास्टर डिग्री/एमबीए हैं, इस पद के लिए पात्र हैं । वरिष्ठ संयुक्त सचिवों को तरजीह दी जाएगी ।

5. आपसे इस रिक्ति को परिचालित करने तथा पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों के आवेदन-पत्र, संलग्न प्रपत्र में इस मंत्रालय द्वारा इस पद हेतु चयन के लिए गठित जांच-सह-चयन समिति के विचारार्थ प्रेषित करने का अनुरोध है । आवेदन-पत्र पिछले 5 वर्षों की एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों, केडर क्लीयरेंस, सतर्कता/अनुशासनात्मक क्लीरेंस, सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र सहित, इस प्रमाण-पत्र कि पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी के विरुद्ध कोई मुख्य/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है, सहित **दिनांक 20 अगस्त, 2011 तक** उप सचिव (निफ्ट), वस्त्र मंत्रालय, कमरा सं. 550, उद्योग भवन, नई दिल्ली को भेजे जा सकते हैं ।

भवदीय,

ह०/-
(एस.पी. कतनौरिया)
उप सचिव, भारत सरकार

संलग्क : उपरोक्त

प्रतिलिपि कार्रवाई हेतु प्रेषित है :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. एनआईसी, वस्त्र मंत्रालय
3. सूचना पट्ट

एस.पी.कतनौरिया
(एस.पी. कतनौरिया)
उप सचिव, भारत सरकार

आवेदन प्रपत्र

1. नाम :

2. जन्म तिथि :

3. शैक्षणिक योग्यता :

4. सेवा जिससे संबंध रखते हैं :

5. संवर्ग(राज्य/वर्ष):

6. वर्तमान पद:

7. वर्तमान पद का पे-बैंड एवं ग्रेड पे:

8. तिथि, जिससे इस पद पर हैं:

9. क्या वर्तमान पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर धारित है, यदि हां तो तिथि:

10. रोजगार/अनुभव का विवरण:

क्र.सं.	पद	संगठन का नाम	दिनांक (.....से....तक)	कार्यभार की प्रकृति

11. संपर्क विवरण:दूरभाष/मोबाइल नं., ईमेल आई डी:

12. कोई अन्य संगत सूचना:

दिनांक:

(अधिकारी के हस्ताक्षर)

प्रमाण पत्र
(संबंधित अधिकारी के कार्यालय द्वारा भरा जाए)

प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा दिए गए उपरोक्त विवरणों की सेवा अभिलेखों से जांच की गई है और सही पाया गया है । उनके विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है अथवा न ही चलाया जाना अपेक्षित है । पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई मुख्य/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है । उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है ।

(आवेदन अग्रेषित करने वाले राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर)

दिनांक:

(कार्यालय मोहर सहित)